**Need to restart operation of Dada Dham Express (Train no. 22111/12) between Bhusaval and Nagpur via Khandwa.-laid**

श्री बंटी विवेक साहू **(छिन्दवाड़ा) :** मेरा लोक सभा क्षेत्र छिन्दवाड़ा (मध्य प्रदेश) अन्तर्गत छिन्दवाड़ा-पान्ढुर्णा भारत के मध्य में स्थित जिले हैं जहाँ पर रेलों का संचालन एवं ब्रॉडगेज का नेटवर्क विस्तार विलंव से हुआ है । विगत दिनों मेरे द्वारा छिन्दवाड़ा से दादा धाम खण्डवा तक 411 किलोमीटर की पदयात्रा की गई जिसमें क्षेत्र की जनता एवं जिला बैतूल, मुलताई, खण्डवा के नागरिकों द्वारा पूर्व में नागपुर से खण्डवा भुसावल तक चलने वाली दादा धाम एक्सप्रेस 22111 एवं 22112 को पुनः प्रारंभ कराने का अनुरोध किया गया है । उल्लिखित है कि दादा धाम एक्सप्रेस सवारी गाड़ी कोरोना आपदा के पूर्व नागपुर से खण्डवा भुसावल तक चलती थी जिससे बड़ी संख्या में दादाजी धूनीवाले के नागपुर, पाण्ढुर्णा, छिन्दवाडा, मुलताई, आमला, बैतूल, इटारसी के भक्तगण यात्रा करते थे । इस संबंध में मेरे द्वारा रेलवे के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों से संभागीय बैठक में एवं अन्य मंचों पर अनुरोध किया गया है किन्तु कार्यवाही अपेक्षित है । सरकार से अनुरोध है कि दादा धाम एक्सप्रेस, नागपुर से खण्डवा भुसावल (गाड़ी संख्या 22111 एवं 22112) सवारी गाड़ी का संचालन पुनः शीघ्र प्रारंभ कराने का कष्ट करें ।